—:: कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन (म.प्र.) ::—

// ज्ञापन //

11 MAY 2024

क्रमांक 4777 / एक–6–30 / 11 उज्जैन, दिनांक मई, 2024

प्रति,

समस्त न्यायाधीशगण
जिला उज्जैन

विषय :– पुराने प्रकरणों की सूचियां उपलब्ध कराये जाने बाबत्।

संदर्भ :– माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर का ज्ञापन क्रमांक सी/3379 दिनांक 27.04.2024

——————**0000**——————

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर द्वारा संदर्भित ज्ञापन के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने के आशय से सबसे पुराने 25 आपराधिक प्रकरणों एवं 25 साम्पत्तिक प्रकरणों की सूचियां (प्रवर्तन प्रकरणों एवं माननीय उच्च न्यायालय से स्थगित प्रकरणों को छोड़कर) चाही गई हैं। साथ ही आपके न्यायालय में लंबित 05 वर्ष की अवधि से अधिक की अवधि की लंबित प्रवर्तन प्रकरणों की सूची पृथक से चाही गई है। उपरोक्त सूचीबद्ध प्रकरणों को माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर द्वारा 31.12.2024 तक निराकृत किये जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं।

अतः आप दिनांक 31.05.2024 तक निर्देशानुसार उक्त प्रकरणों की सूची आवश्यक रूप से प्रेषित करें ताकि तैयार की गई सूची माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर की ओर प्रेषित की जा सके।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
उज्जैन (म.प्र.)